an>

Title: Issue regarding agitation against NRC and CAA in the country.

माननीय अध्यक्ष: क्या आपका कोई विषय है? बोलिए ।

श्री अधीर रंजन चौधरी: ठीक है, मै बोलता हूं । पूरे हिन्दुस्तान में एनआरसी और सीएए को लेकर प्रदर्शन हो रहे हैं । …(व्यवधान) ये सारे प्रदर्शन शान्तिपूर्ण तरीके से हो रहे हैं । ये शान्तिपूर्ण प्रदर्शन महात्मा गांधी जी के नॉन-वायलेंस और सत्याग्रह के तौर पर होते हैं ।…(व्यवधान)

महात्मा गांधी जी जो दुनिया में शांतिपूर्ण आंदोलन का नेतृत्व किया करते थे, जिनकी सारी दुनिया में पूजा होती है, जिन महात्मा गांधी को सब राष्ट्रपिता मानते हैं, फादर ऑफ दि नेशन मानते हैं, जो महात्मा गांधी जी सारे हिन्दुस्तान के नहीं, बल्कि सारी दुनिया के नेता हैं, सारी दुनिया जिनकी पूजा करती है, ...* महात्मा गांधी जी के लिए ये कहते हैं कि यह ... * …(व्यवधान) सर, ये राम के पुजारी का अपमान कर रहे हैं । …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : कोई भी असंसदीय शब्द रिकॉर्ड में नहीं जाएगा । सारी असंसदीय बातें रिकॉर्ड से हटा दें ।

… *(Interruptions)* *

माननीय अध्यक्ष : श्री मलूक नागर को श्री अधीर रंजन चौधरी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

…(व्यवधान)

-